बिहार विधान परिषद   कार्य सूची

संख्या-5   191वां सत्र

शुक्रवार, दिनांक 15 फरवरी, 2019
11.00 बजे पूर्वाह्न

प्रश्नोत्तर

1. अल्पसूचित प्रश्न
2. तारांकित प्रश्न

औपचारिक कार्य

3. सचिव, विधेयक संबंधी संदेश, यदि कोई हो, पढ़ेंगे।
4. सचिव, विधान सभा से स्वीकृत विधेयक, यदि कोई हो, मेज पर रखेंगे।

परिनियत कार्य

5. प्रभारी मंत्री, बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के वित्तीय वर्ष 2015-16 का वार्षिक लेखा पुस्तिका की प्रति सदन की मेज पर रखेंगे।

ध्यानाकर्षण

6. श्री आदित्य नारायण पाण्डेय, राज्य के सभी उत्क्रमित विद्यालयों के भवन निर्माण कार्य को पूरा कर विद्यालय को हस्तानान्तरित करने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।
7. श्री गुलाम रसूल, राज्य के तालीमी मरकज़, स्वयंसेवकों/टोला सेवकों के लिए विशेष T.E.T. का आयोजन कर सफल अभ्यर्थियों को समायोजित करने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

8. श्री रामचन्द्र भारती, पटना सिटी स्थित रामेश्वरदास पन्नालाल महिला कॉलेज को NAAC के मापदण्ड के अनुरूप पर्याप्त संसाधन की व्यवस्था करने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

9. श्री केदार नाथ पाण्डेय, राज्य के विद्यालयों में कम्प्यूटर एवं कम्प्यूटर शिक्षकों की समस्याओं के निदान के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

10. श्रीमती रीना देवी उर्फ रीना यादव, राज्य के उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के मानदेय का आधार कार्य दिवस के स्थान पर कक्षावार निर्धारित करने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगी।

11. श्री दिलीप कुमार चौधरी, मैथिली भाषा की पढ़ाई राज्य के प्राथमिक विद्यालय से शुरू कराने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

12. श्री राजेश राम, राज्य के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों, राजकीय मध्य विद्यालयों एवं मदरसों में नियुक्त रसोईया सहायक को न्यूनतम मजदूरी दर पर पारिश्रमिक का भुगतान करने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

13. प्रो० नवल किशोर यादव, राज्य के प्रोजेक्ट एवं राजकीयकृत माध्यमिक विद्यालयों के जीव विज्ञान एवं गणित विषय के अप्रशिक्षित शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

14. प्रो० वीरेन्द्र नारायण यादव, राज्य के अल्पसंख्यक माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में नियत वेतन पर कार्यरत शिक्षकों को षष्ठम एवं सप्तम वेतन का पे-स्केल देने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

15. श्री नीरज कुमार, शिक्षा विभाग एवं राज्य के विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करने हेतु बिश्वविद्यालय में "निबंधक प्रशासन" का पद सृजित करने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

16. डा० संजीव कुमार सिंह, राज्य के बिश्वविद्यालयों में नियुक्त एवं कार्यरत अतिथि शिक्षकों के वर्तमान मानदेय में वृद्धि करने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

वित्तीय कार्य

वित्तीय वर्ष 2018-19 की तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरणी पर सामान्य वाद-विवाद तथा सरकार का उत्तर

17. वित्तीय वर्ष 2018-19 की तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरणी पर सामान्य वाद-विवाद तथा सरकार का उत्तर

वित्तीय विधेयक

बिहार विनियोग विधेयक, 2019

18. श्री सुशील कुमार मोदी, माननीय उप मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि सभा द्वारा यथा पारित बिहार विनियोग विधेयक, 2019 पर विचार हो

19. श्री सुशील कुमार मोदी, माननीय उप मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि सभा द्वारा यथा पारित बिहार विनियोग विधेयक, 2019 पारित हो

20. अन्य नितान्त आवश्यक कार्य, यदि कोई हो।

(विनोद कुमार)
कार्यकारी सचिव
बिहार विधान परिषद्

ज्ञापांक-वि.प.वि.-02/2019 – **280** (3) बि.प. दिनांक - 14.02.2019

प्रतिलिपि : बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण/माननीय मुख्यमंत्री, बिहार/माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार/माननीय मंत्रीगण/माननीय मुख्यमंत्री के आवास/मुख्यमंत्री सचिवालय (चार प्रतियों में)/महामहिम राज्यपाल, बिहार के सचिव/माननीय अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आवास एवं बिहार विधान सभा स्थित कार्यालय वेश्म/लोकायुक्त, बिहार/महाधिवक्ता, बिहार/बिहार सरकार के सभी विभाग तथा विभागाध्यक्ष/सभी राज्यों के विधान मंडलों के सचिव/लोकसभा तथा राज्यसभा सचिवालय, नई दिल्ली/पुस्तकालयाध्यक्ष, संसद भवन, नई दिल्ली/बिहार विधान मंडल पुस्तकालय, पटना/निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार/अधिष्ठान निदेशक, आकाशवाणी, पटना/समाचार संपादक, दूरदर्शन केन्द्र, पटना/सचिव, बिहार विधान सभा, पटना एवं श्री सैयद सआदत नजीर, सहायक प्रोग्रामर, बिहार विधान परिषद् को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/2/19

(ज्ञान प्रकाश)
अवर सचिव
बिहार विधान परिषद्